हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 जनवरी 2024

11 किसानों ने विधायक कार्यालय के सामने...



12 गांव चौबारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद...



## खबर संक्षेप

### एनएच 148बी के निर्माण कार्य का शुभारंभ 4 को

**टोहाना।** टोहाना की बहुप्रतीक्षित मांग एनएच-148 बी के निर्माण का शुभारंभ 4 जनवरी को किया जाएगा। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली 4 जनवरी को सुबह साढ़े 9 बजे चंडीगढ़ रोड टोहाना में रेलवे ओवरब्रिज पार करके एचपी पेट्रोल पंप के पास भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे। सुरेवाला चौक से टोहाना होते हुए पंजाब बार्डर तक बनने वाले इस रोड की काफी लंबे समय से मांग थी।

### दो दुकानदारों से हजारों की नकदी लूटी

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में गांव शक्करपुरा निवासी मलकीत सिंह ने कहा है कि दुकान से भाखड़ा नहर के रास्ते अपने गांव शक्करपुरा जा रहा था। रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन व 10200 रुपये नगदी व अन्य कागजात छीन लिए। उसे पता चला कि अमनदीप सिंह निवासी बक्शीवाला, गुरदीप निवासी चूल्हड़ व सुखप्रीत सिंह निवासी भूतगढ़, पंजाब ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं दुकानदार पवन कुमार के गल्ले से जबरदस्ती 1500-2000 की नगदी निकाल ली। विरोध करने पर घायल कर दिया।

### रतिया शहर से दो युवतियां लापता

फतेहाबाद। रतिया पुलिस को दी शिकायत में लाली रोड, रतिया निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी लड़की और भतीजी दोनों सोमवार दोपहर को घर से सामान लेने की बात कहकर बाजार गई थी और उसके बाद दोनों वापस घर नहीं लौटी है। रतिया पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों युवतियों की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे माले में भूना पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 10 भूना निवासी रवि गोयल ने कहा है कि उसका 34 वर्षीय भाई नीरज गोयल 1 जनवरी को दोपहर को घर से अपनी दुकान अनाज मण्डी भूना गया था और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है।

### नगर पालिका ने लगाए गए अवैध होर्डिंग उखाड़े

**रतिया।** रतिया नगर पालिका ने मंगलवार को शहर के प्रमुख मागार्ें पर नगर पालिका की बिना मंजूरी के लगाए गए अवैध होर्डिंग बोर्ड को उखाड़ दिया और उन्हें अपने कब्जे में ले लिया। होर्डिंग बोर्ड उखाड़ने की यह कार्रवाई सफाई निरीक्षक राहुल मजोका के नेतृत्व में की गई थी।

### ट्रेड फेयर देखने आए युवक की बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने फतेहाबाद में ट्रेड फेयर देखने आए युवक का मोटरसाइकिल चोरी कर ली। सिरसा के गांव जमाल निवासी अशोक कुमार ने कहा कि वह अपने रिश्तेदार के साथ किसी काम से फतेहाबाद आया था। वह फतेहाबाद में चल रहे ट्रेड फेयर को देखने चला गया वहीं से उसकी बाइक गायब थी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कर्मचारियों को वितरित किए जूते और दस्ताने

**फतेहाबाद।** ह्यूमन हेल्पिंग हाट्‌र्स एसोसिएशन फतेहाबाद की तरफ से बीघड़ रोड स्थित नंदीशाला के कर्मचारियों को जूते, टोपी, दस्ताने, मफलर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक चोपड़ा एडवोकेट समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने आए।

### पुलिस ने 100 से ज्यादा वाहनों के काटे चालान

**सिरसा।** यातायात थाना पुलिस ने ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर गलत दिशा व लाइन बदलकर वाहन चलाने वाले 100 से ज्यादा वाहन चालकों के चालान किए। टीमों ने जिलाभर में हाइवे तथा अन्य मार्गों पर विशेष अभियान चलाया।

### वाहन चालकों ने धरना दिया और शहर भर में किया रोष प्रदर्शन, पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लगी कतार

# ट्रक चालकों की हड़ताल से पेट्रोल-डीजल की किल्लत सब्जियों के दाम बढ़े, बसों के चक्के थमने से लोग परेशान




फतेहाबाद। पेट्रोल पम्पों पर लगाया गया नोटिस। फोटो : हरिभूमि



जाखल। धरना देकर नारेबाजी करते चालक। फोटो : हरिभूमि




रतिया। बसें खड़ी कर धरना देते चालक। फोटो : हरिभूमि



जाखल। पेट्रोल पम्प पर लगी लोगों की लाइन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/जाखल

हिट एंड रन केस में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए कानूनों के खिलाफ ट्रक चालकों व निजी बस चालकों ने आंदोलन तेज कर दिया है। इस आंदोलन का असर फतेहाबाद जिले में भी दिखना शुरू हो गया है। मंगलवार को ड्राइवरों ने इस नए कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। टोहाना में भारी संख्या में वाहन चालकों ने हिसार रोड पर धरना दिया और इसके बाद शहर भर में रोष प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार से नए कानून को तुरंत वापस लेने की मांग की। चालकों ने कहा कि सरकार उन्हें मारने पर तुली है, लेकिन इस नए नियम को ड्राइवर हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान नरवाना से आई एक प्राइवेट बस के ड्राइवर व कंडक्टर ने टोहाना शहर से एक किलोमीटर दूर ही सवारियों को उतार दिया और प्रदर्शन में शामिल हो गए, जिससे सवारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

टोहाना में प्रदर्शन कर रहे चालक चिमन लाल, तरसेम लाल, सुंदर, रामनिवास आदि ने कहा कि सरकार के नए नियमानुसार हर तरफ से चालक मरता है। उन्होंने कहा कि कोई भी चालक सड़क पर हादसा नहीं करना चाहता बल्कि ट्रक चालक किसी जानवर तक को बचाने के लिए अपनी गाड़ी पलटा देता है। अचानक हुआ हादसा किसी के बस में नहीं होता। अधिकतर हादसों में गलती दूसरे वाहन की होती है लेकिन हमेशा बड़ा वाहन चालक ही भुगतता है। अब इस नियम के बाद तो चालकों का सड़क पर वाहन चलाना तक मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि चालक हादसे के बाद मौके पर घायल को बचाता है तो वहां इकट्ठा होने वाली जनता उसे नहीं छोड़ेगी और अगर वह मौके से भाग जाता है तो उसे 7 लाख रुपए जुर्माना, 10 साल की कैद भुगतनी होगी तो हर तरफ से चालक को नुकसान है। इसलिए देशभर में चालक इस कानून का विरोध कर रहे हैं। चालकों ने कहा कि यदि सरकार ने कानून वापस नहीं लिया तो देशभर में बड़े स्तर पर आंदोलन चलाया जाएगा।

### जाखल में पेट्रोल, डीजल व घरेलू गैस खत्म

देशभर में नए हिट एंड रन कानून के विरोध में बस और ट्रक चालकों की बेमियादी हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। जाखल में भी इस हड़ताल का प्रभाव दिखाई दिया। इसके विरोधस्वरूप ड्राइवरों द्वारा कड़ैल चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया। चालकों की इस हड़ताल से ट्रांसपोर्ट तंत्र बिगड़ने से आम लोग परेशान नजर आए हैं। पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति बाधित होने से जाखल में पेट्रोल पंपों पर दिनभर लोगों की भीड़ देखने को मिली। निजी बसों के पहिए थमने से यात्री परेशान हो रहे हैं, लेकिन अपनी मांग पर अडिग बस ड्राइवर चलने को तैयार नहीं है। मंगलवार को ाी प्रदर्शनकारी ड्राइवरों द्वारा तय समय मुताबिक दोपहर दो बजे तक धरना दिया गया। प्रदर्शन कर रहे बस और ट्रक चालकों ने कहा कि बुधवार को भी उनका धरना प्रदर्शन यूं ही जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाती तब तक ड्राइवर यूं ही अपना धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

### फतेहाबाद में पेट्रोल-डीजल की किल्लत नहीं

एक तरफ जहां ट्रक चालकों की हड़ताल के कारण पेट्रोल-डीजल की किल्लत के समाचार है वहीं फतेहाबाद शहर में अभी हालात सामान्य हैं। फिर भी लोगों में तेल डलवाने को लेकर होड लगी हुई है और पम्पों पर वाहनों की लाइन लगी रही। शहर में अधिकतर पैट्रोल पम्पों पर ट्रांसपोर्टशन के लिए अपने वाहन हैं। ऐसे में हड़ताल का इन पर कोई असर नहीं नजर आ रहा। जिला पैट्रोलियम एसोसिएशन ने भी बकायदा सभी पम्पों पर नोटिस लगाए गए हैं कि फतेहाबाद में पैट्रोल-डीजल की कोई किल्लत नहीं है और उपभोक्ता जरूरत के अनुसार ही तेल डलवाएं।

### ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल का दिखने लगा असर

**सिरसा/डबवाली।** हिट एंड रन कानून का विरोध कर रहे ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल का असर दिखने लगा है। हड़ताल के चलते पेट्रोल पंपों पर मंगलवार को रोजमर्रा की बजाए भीड़ बढ़ने लगी। पेट्रोल पंपों पर लोग अपने-अपने वाहनों की टंकियां भराते दिखे। हालांकि डीजल-पेट्रोल एसोसिएशन के जिला प्रधान ।न चंद मेहता का दावा है कि इस हड़ताल का कोई असर नहीं पड़ेगा। फल-सब्जी मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान गंगाराम बजाज ने बताया कि अभी हड़ताल का कोई असर नहीं है। दो दिन बाद ही इसका प्रभाव का पता चलेगा।



सिरसा। पेट्रोल पंप में वाहन की लगी भीड़। फोटो : हरिभूमि

**डबवाली में सब्जियों के दाम बढ़े**

डबवाली सब्जी मंडी में इसका पूरा असर मंगलवार को दिखाई दिया। यहां सब्जियों के भाव 25 से लेकर 50 प्रतिशत तक बढ़ गए। सब्जी आढ़ती रवि मेहता ने बताया कि कल तक टमाटर थोक में 15 रूपए प्रति किलो के हिसाब से बिका था लेकिन आज यह बढ़कर 20 से 25 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिका। प्याज के दाम भी अचानक 20 रुपए से बढ़कर 30 हो गए। मटर भी पहले से डेढ़ गुना कीमत पर बिके।

**हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेगी ट्रक यूनियन**

हिट एंड रन से संबंधित कानून के विरोध में वाहन चालकों देशव्यापी हड़ताल में सिरसा की ट्रक यूनियन भी पूरी तरह से साथ है। यदि सरकार ने इस काले कानून को वापस नहीं लिया तो वाहन चालक अपना आंदोलन जारी रखेंगे। यह बात सिरसा ट्रक यूनियन के प्रधान गुरमीत सिंह बिट्टू ने मंगलवार को जारी बयान में कही। प्रधान बिट्टू ने कहा कि सिरसा में गुरुद्वारा के सालाना समागम को देखते हुए भले ही दो दिन के लिए सिरसा में ट्रकों की हड़ताल को स्थगित किया गया है, मगर उनका देशभर में चल रही हड़ताल को पूरा समर्थन है। उन्होंने कहा कि मंगलवार का ट्रक यूनियन की प्रदेश स्तरीय बैठक अंबाला में होगी।

## कुलपति ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के शिक्षक तथा गैर शिक्षक कर्मचारियों द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में एक समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक को विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा विश्वविद्यालय के विकास में किए गए उल्लेखनीय कायार्ें के लिए सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की ओर अग्रसर करने में यहां के शिक्षक तथा गैर शिक्षक कर्मियों का अहम योगदान है।




सिरसा। सीडीएलयू में कुलपति कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

## बिजली निगम के बाबू पर सांसद ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सांसद सुनीता दुग्गल मंगलवार को एक शिकायत के सिलसिले में टोहाना बिजली निगम के कार्यालय पहुंची तो आदतानुसार बाबूओं ने उन्हें नीचे से ऊपर ऑफिस व एक काउंटर से दूसरे काउंटर भेज दिया। इस बात से आहत सांसद ने मौके पर ही अधिकारियों को कड़ी नाराजगी जाहिर की। बाद में जैसे-तैसे एक्सई देवेन्द्र अत्री ने उन्हें बताया कि कर्मचारी के अस्वस्थ होने और दो महीने से छुट्टी पर होने के कारण काम में दिक्कत आ रही है। इस मामले में कुलां के मनोज बिश्नोई ने सांसद को शिकायत दी थी। सांसद को दी शिकायत में मनोज बिश्नोई ने कहा था कि उन्होंने अपने पेट्रोल पंप पर सोलर एनर्जी के लिए प्लांट लगवाया था और वे अपने प्लांट पर तैयार बिजली को निगम को सप्लाई की है। बावजूद इसके अब उन्हें अढाई लाख रुपये का बिल बना दिया गया है। सांसद ने बिजली अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता ने निगम से जो बिजली ली और निगम को जो बिजली दी, उसका एडजस्टमेंट करवाकर ही बिल बनाया जाए।



फतेहाबाद। बिजली घर में अधिकारियों से सवाल-जवाब करती सांसद सुनीता दुग्गल। फोटो : हरिभूमि

## श्री सालासर धाम में हुआ संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री सालासर धाम मंदिर में सोमवार रात को नववर्ष पर संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसे श्रीसालासर धाम राजस्थान से आए पुजारियों ने किया और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। श्री सालासर धाम मंदिर समिति के प्रधान गोपाल सर्राफ ने बताया कि हर वर्ष की भांति नववर्ष पर सोमवार रात को संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह पाठ श्री सालासर धाम राजस्थान से आए पुजारी पंडित मांगेलाल, पंडित विकास कुमार, पंडित दामोदर और अन्य से संपन्न करवाया। नववर्ष पर श्री सालासर धाम मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था और श्री बालाजी का भव्य श्रृंगार किया गया था। इस मंदिर के पुजारी पंडित जलराम शर्मा, पंडित चिंरजीलाल शर्मा और पंडित जवाहरलाल शर्मा आदि ने विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना की और भोग लगाया। इसके बाद संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने साथ साथ श्री सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। इस मौके पर ओडिसा के पूर्व रा'यपाल प्रो. गणेशीलाल और वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद कांडा ने विशेष रूप से पूजा अर्चना की और सुंदर कांड में शामिल हुए। इस अवसर पर राधेश्याम झूंथरा, कृष्ण गोपाल गोयल, प्रदीप मित्तल, महेश बंसल, सुशील झूंथरा, अनिल सर्राफ, सुरेश गोयल, नंदकिशोर लढ़ा, राजेश गोयल रिंकू, लक्ष्मण गुर्जर, हरिप्रकाश शर्मा, विजय यादव आदि मौजूद थे।



## श्रीराम के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हमें भगवान श्रीराम के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए और उनके जीवन मूल्यों व आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेत्री नेहा मित्तल ने गांव कुम्हारिया में चल रही श्रीराम कथा में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। गौरतलब है कि काशी मठ के पीठाधीश्वर राजगुरू अनन्त विभूषित जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी अनन्तानंद सरस्वती के सानिन्ध्य में गांव कुम्हारिया के साबरवास रोड स्थित संकटमोचक हनुमान मंदिर में आयोजक राजेश मताना व उनकी टीम द्वारा 23 दिसम्बर से 1 जनवरी तक श्री राम कथा का आयोजन किया गया।



फतेहाबाद। गांव कुम्हारिया में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम को संबोधित करते नेहा मित्तल।

**कार्यक्रम** भिरड़ाना में नववर्ष पर एनएसएस स्वयंसेवकों का विशेष शिविर

*योग से हुई दिन की शुरूआत*

## माता-पिता से बड़ा बच्चों का हितैषी और कोई नहीं होता : रेखा अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिरडाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के आज तीसरे दिन की शुरुआत व्यायाम व योग से शुरू हुई, जिसमें एनएसएस प्रभारी विनय कुमार ने बच्चों को योग करवाते हुए उनके जीवन में योग के महत्व को भी बताया। इसी दौरान आज शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर बाल संरक्षण अधिकारी, फतेहाबाद रेखा अग्रवाल उपस्थित हुए जिन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए लीव इन रिलेशनशिप, चाइल्ड मैरिज एक्ट व घरेलू हिंसा के बारे में विस्तार से समझाया और जागरूक किया कि भविष्य में आप ऐसी किसी भी घटना के बारे में चुप नहीं रहेंगे। इसके बाद दीपक गक्खड़ ने आज के मुख्य अतिथि का स्कूल व एनएसएस टीम की तरफ से धन्यवाद किया और उन्हें आश्वासन दिया की कि यह सभी बच्चे आपके बताए हुए रास्ते का अनुसरण करेंगे। इसके बाद बच्चों ने दोपहर का भोजन किया और फिर इसके बाद कविता पाठ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में लगभग 15 बच्चों ने हिस्सा लिया और अलग-अलग विषयों पर अपनी अपनी प्रस्तुति दी।

इस प्रतियोगिता में सिमरनजीत गुरप एक से प्रथम और शीतल रानी गुरप तीन से द्वितीय व कर्मजीत कौर गुरप दो से तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान सोनिया अरोड़ा, कंचन गाबा व सुखविंदर कौर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। सोनिया अरोड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए एनएसएस के बारे में और सेवा भावना के बारे में बताया और एक कविता के जरिए बच्चों का उत्साह वर्धन भी किया। शाम के समय 1 घंटे तक बच्चों ने स्कूल के प्रांगण में श्रमदान करते हुए सफाई अभियान भी चलाया।




फतेहाबाद। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिरडाना में चल रहे एनएसएस शिविर में भाग लेते स्वयंसेवक।

## पौधे लगाकर किया नववर्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नव वर्ष के उपलक्ष्य में आज मिनी बाईपास मोड, हिसार रोड फतेहाबाद पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार धारनिया एडवोकेट ने किया। पेड़-पौधे लगाकर जहां नव वर्ष के आगमन का स्वागत किया गया वहीं इस वर्ष धरा को हरा-भरा बनाने का भी संकल्प लिया गया। पौधा लगाकर अभियान की शुरूआत जिला वन अधिकारी फतेहाबाद राजेश लीलड़ द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और सभी के सहयोग से ही इनको लगाया व संभाल कर रखा जा सकता है। हमें प्रत्येक दिवस पर पेड़-पौधे लगाने होंगे और इनकी देखभाल करनी होगी, तभी हम पर्यावरण को बचा सकेंगे। इस अवसर पर सभी को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। इस अवसर पर महेंद्र कुमार धारनिया एडवोकेट, पार्षद सुखदेव सिंह, सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार, पूर्व परियोजना अधिकारी हरनाम सिंह बिश्नोई, रिटायर्ड उप अधीक्षक सुभाष चंद्र चौहान, हंसराज ग्रोवर, अशोक कुमार सोनी, बीआर बजाज, राजेन्द्र मलिक आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। नववर्ष पर पौधारोपण करते जिला वन अधिकारी व अन्य।

**खबर संक्षेप**

### पानीपत में भगवा यात्रा में उत्पात की चेष्टा

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली में नव वर्ष व अयोध्या स्थापना के उपलक्ष्य में भगवा यात्रा निकाली गई। इस दौरान क्षेत्र के एक समुदाय विशेष का धार्मिक स्थल भी आया। जहां युवकों ने डीजे, टैक्टरों के स्पीकर्रों पर ऊंची आवाज में धार्मिक गाने बजाए। इतना ही नहीं यहां भगवे रंग के धार्मिक झंडे को भी लगातार फहराया गया। जिसकी स्थानीय लोगों ने वीडियो भी बना ली।

### पांच को वीआईपी नम्बरों की होगी खुली बोली

**करनाल।** एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने बताया कि करनाल अथॉरिटी के बी.के. सीरीज समाप्त हो चुकी है। आगामी 5 जनवरी 2024 को बीएल की सीरीज प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने बताया कि वीआईपी नम्बरों की खुली बोली 5 जनवरी को की जाएगी। जो भी व्यक्ति वीआईपी या अन्य नंबरों की बोली देना चाहता है वह उक्त तिथि को प्रातः 10 बजे एसडीएम करनाल कार्यालय में उपस्थित होकर बोली दे सकते है।

### मकान के ताले तोड़कर जेवरात व रुपये उड़ाए

**घरौंडा।** गांव शेखपुरा खालसा में एक मकान के ताले तोड़कर सोने के जेवरात व लगभग 22 हजार रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। मकान मालिक शेखपुरा खालसा निवासी रामनिवास ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

### किशोरी से दुराचार करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र में किशोरी से दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को गिरफ्तार किया है। किशोरी की मां ने 1 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 दिसंबर 2023 को आरोपी दलीप ने उसकी 13 वर्षीय पुत्री से दुराचार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, दिन भर नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा पड़ने व आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने का प्रकोप नव वर्ष के दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को भी जिले में दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, बुजुर्ग व लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। वहीं, जिले के तापमान में भी दिनों दिन गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी अगले एक सप्ताह तक मौसम में और ज्यादा ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

■ आसमान में दिन भर छाए रहे धुंध के बादल और चलती रही शीतलहर





यमुनानगर। मंगलवार को मौसम में ठंडक बढ़ने से अलाव जलाकर सेंकते हुए लोग व आसमान में छाए हुए धुंध के बादल।

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गुप्ता ने छोटे बच्चों के खान पान में ऐहतियात बरतने व उन्हें उबला हुआ पानी पीने को देने की सलाह दी। उधर, ठंड बढ़ने से पशु भी बीमार होने लगे हैं। जिन्हें हीट देकर किसी तरह ठंड से राहत दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### तापमान में आई गिरावट

जिले मंगलवार को तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान घटकर 6 डिग्री सेल्सियस रह गया।

### अलाव पर सेंककर निपटा रहे काम धंधे

मंगलवार को भी सुबह के वक्त जिले में घना कोहरा छाया रहने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। अधिकांश लोग घरों में ही दुबकने को मजबूर हो गए। इस दौरान लोगों को उम्मीद थी कि दोपहर तक कोहरा छट जाएगा और सूर्य देव के दर्शन होंगे। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दोपहर तक कोहरा तो कुछ कम हुआ। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीतलहर चलने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। लोगों ने किसी तरह अलाव जलाकर अपने कामधंधे निपटाए। मजदूरों का तो कड़ाके की ठंड में और भी बुरा हाल हो रहा है। मंगलवार को अलाव पर सेंक रहे मजदूर सूरता राम व गोपाल का कहना था कि वह मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं। यदि मजदूरी नहीं करेंगे तो उनके यहां भोजन के लाले पड़ जाएंगे। मजबूरी है उन्हें हाड़ गलाने वाली ठंड में भी मजदूरी करनी ही पड़ती है। ठंड से राहत पाने के लिए वह कुछ देर अलाव जलाकर हाथ सेंक लेते हैं और फिर काम पर लग जाते हैं। वहीं, दुकानदार भी हीटर पर सेंककर ग्राहकों की दिन भर दुकानों पर बैठकर बाट जोहने को मजबूर हैं। पिछले कई दिन से बाजारों में ग्राहकों की आवक भी कम दिखाई दे रही है।

# पानीपत के गांव नारा में ग्रामीण की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव नारा में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में शमशेर निवासी गांव जोशी जिला पानीपत ने बताया कि एक जनवरी की सुबह करीब 11 बजे उसके चाचा राजीव उर्फ खुशीराम गांव में स्थित अपनी किरयाना की दुकान में बैठा हुआ था। हालांकि दुकान उसने किसी को किराए पर दी हुई है। इसी दौरान दुकान पर काला और धर्मा निवासी गांव नारा अपनी बाइक पर सवार होकर आए। उन्होंने राजीव को अपनी बाइक पर बैठाया व वहां से गांव नारा की ओर शराब ठेका पर ले गए। जहां से उन्होंने शराब ली। इसके बाद बाइक को काला चला रहा था। बीच में राजीव को बैठाया व पीछे धर्मा पीछे सवार हो गया। तीनों वहां से गांव नारा स्थित सुरजीत के खेत में बने कोठा ट्यूबवेल पर चले गए। जिसे राम मेहर ने ठेके पर लिया हुआ है। जहां राजीव को राम मेहर, धर्मा व काला ने मिलकर शराब पिलाई। इसके बाद तीनों की आपस में कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर राजीव की हत्या कर ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए। शाम करीब साढे छह बजे परिजनों को शव पड़ा होने के बारे में पता लगा। परिजनों की सूचना पर थाना मतलौडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जांच की। पुलिस ने एफ एस एल की टीम से भी घटना स्थल शव की जांच कराई।

■ आरोपी हत्या कर शव को ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए

वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजीव का शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने राजीव की हत्या के आरोप में राम मेहरए धर्माए और काला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जलधारा तपस्या के समापन पर भंड़ारे का आयोजन

**समालखा।** कड़ाके की ठंड मे कई बार एक माह तक 108 मटकों की जलधारा की तपस्या पूर्ण कर चुके श्री धूणा गोरख नाथ मंदिर देहरा के भगत विनोद नाथ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी नये साल के मौके पर सोमवार को सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन.यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगत विनोद नाथ ने नाथ समप्रदाय की उत्पति एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरू रामनाथ व नफे सिंह रामनाथ के मार्गदर्शन में उनकी तपस्या पूर्ण हुई हैं। हवन.यज्ञ के उपरांत अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया तथा मंदिर की ओर से 216 महिलाओं व 50 पुरूषों गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल आदि गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस मौके पर संजय सैनी, आनन्द, ओमप्रकाश, रणधीर पावटी, रमेश डिकाडला, संदीप, कप्तान कैथल आदि थे।

■ सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन.यज्ञ का आयोजन किया गया

# जनहित तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएं : ढांडा

## राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने किया यमुनानगर शहर का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने मंगलवार को नगर निगम यमुनानगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। कई स्थानों पर बारीकी से जांच की। जांच में सब कुछ ठीक पाया। उन्होंने शहर की उचित सफाई व्यवस्था मिलने पर मेयर मदन चौहान व निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के कार्य की सराहना की। साथ ही निगम अधिकारियों की पीठ थपथपाई।

मंगलवार को हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम यमुनानगर के क्षेत्र में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं जांची। इसके बाद राज्यमंत्री काफिले के साथ अचानक नगर निगम कार्यालय पहुंची। मंत्री को देखकर अधिकारी व कर्मचारी हैरान रह गए। सबसे पहले मंत्री नगर निगम के परिवार पहचान पत्र डेस्क पर गई। यहां तैनात कर्मचारी सिद्धार्थ, अंकिता व अन्य से विस्तार से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि परिवार पहचान पत्र में किसी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। कर्मचारियों ने उन्हें परिवार पहचान पत्र बनाने की कार्यप्रणाली व वर्क रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया।

मौके पर राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने अपने कार्य के लिए आए लोगों से भी बातचीत की। आजाद नगर के मुकेश कुमार, ग्रीन पार्क के बलदेव कुमार, महिला नीलम से बातचीत की। इस दौरान मेयर मदन चौहान ने मंत्री को बताया कि नगर निगम यमुनानगर में शहरवासियों की सुविधा के लिए विशेष हेल्प डेस्क शुरू कराया गया है। एक ही छत के नीचे शहरवासियों को परिवार पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र में आय, जाति,नाम, मोबाइल नंबर आदि तस्दीक एक ही डेस्क पर हो रही है। यह डेस्क प्रदेश के नगर निगमों की पहला डेस्क है। इससे पहले शहरवासियों को इस संबंध में अलग अलग विंग में जाना पड़ता था। इस बारे में वे मुख्यमंत्री से बात करेंगी ताकि प्रदेश के अन्य नगर निगम कार्यालयों में भी इस तरह की सुविधा की जाए। यहां से मंत्री ढांडा नागरिक सुविधा केंद्र में पहुंची।



यमुनानगर में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करती हुई राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

### अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी को मिलना चाहिए। मौके पर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, महामंत्री कृष्ण सिंगला, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा, उप निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त डा. विजय पाल यादव, अधीक्षण अभियंता हेमंत कुमार, एक्सईएन विकास धीमान व अन्य मौजूद रहें।

# जीजा ने किया नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म

## गर्भवती होने पर हुआ मामले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

जगाधरी की एक कॉलोनी में जीजा ने अपनी नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया। जब लड़की पांच माह की गर्भवती हुई तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदातल में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किया गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लड़की के मामा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी की एक कॉलोनी में रहता है। उनके पास ही उसकी बहन अपने बच्चों के साथ रहती है। उसने अपनी बड़ी भांजी की शादी गगन के साथ की थी।

कुछ दिन पहले उसकी छोटी 17 वर्षीय भांजी के पेट में दर्द हुआ। जब वह उसे डॉक्टर के पास लेकर गए तो पता चला कि वह पांच माह की गर्भवती है। जब उन्होंने अपनी भांजी से पूछा तो उसने बताया कि उसके जीजा गगन ने पांच माह पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था।

उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गगन के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का कुवि में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारी एकता के अंदर विविधताएं छिपी हुई हैं। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना कश्मीर हो या हरियाणा हम सभी को एक सूत्र में बांधती है। हाल ही में जी-20 की अध्यक्षता का ध्येय वाक्य व सु धै व कुटुम्बकम द्वारा पूरे विश्व को एक परिवार माना गया। वे मंगलवार को सीनेट हॉल में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. गुरचरण सिंह व कुंटिया प्रधान रजवंत कौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पूरे भारतवर्ष की भावना है कि हम सभी एक हैं उसी एकता में ही विविधता है और यही हमारी संस्कृति की विशेषता विश्व में हमें विशेष स्थान दिलाती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक यात्रा का उद्देश्य नारी को सम्मान यह हमारी संस्कृति में निहित है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि इस तरह सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है।

■ सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है



कुरुक्षेत्र। यात्रा में शामिल सदस्यों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### 100 विद्यार्थियों का दल विश्वविद्यालय में पहुंचा

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय एकता मिशन को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी जाने वाला लगभग 100 विद्यार्थियों का यह दल आज विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचा है। मंच का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. डीएस राणा, कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डॉ. गुरचरण सिंह, विकास बतान, डॉ. सुशील टाया, कुंटिया प्रधान रजवंत कौर, डॉ. हरविन्द्र राणा, रविन्द्र तोमर सहित एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी मौजूद थे।

# चेयरमैनी दिलवाने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी मामले का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धोखाधडी करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीम ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धो खा ध ड़ी करने के आरोप में चैन सिंह गौतम पुत्र मंगत राम वासी रतपुरा कॉलोनी पिंजोर जिला पंचकूला को गिरफ्तार किया है। शिकायत में हरबीर सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी रतनगढ़ थाना शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसका करनाल वासी रोशन शर्मा के घर आना-जाना था। जिसने उसे कहा कि हम आपको हम हरियाणा सरकार में खादी ग्राम आयोग की चैयरमैन शीप वा हरियाणा सरकार में आरो वॉटर सिस्टम का टेंडर दिलवा देगे तथा हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारियों से आपकी मुलाकात भी करवा देंगे। जिसपर रोशन शर्मा ने शाहाबाद के अमन हॉटल में उसकी मुलाकात व बारु राम, चैन सिंह गोतम, मीना देवी व उमेश कुमार से करवाई।

■ खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर की धोखाधड़ी

### अलग-अलग तारीखों में रुपये आरोपियों को दिए

गोतम ने अपने आप को चीफ अंडर सैक्रेट्री हरियाणा सरकार बताया। जिन्होंने खादी ग्रामीण आयोग की चैयरमेनी के लिए दो करोड़ रुपये तथा हरियाणा आरों वॉटर सिस्टम टेंडर दिलवाने के लिए 75 लाख रुपये टोकन मनी के रूप में एडवास देने की मांग की। उसने उनपर विश्वास करके चेयरमैनी, टेंडर दिलवाने तथा रिश्तेदारों को नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग तारीखों 1 करोड़ 51 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।



अंबाला। गन्ने की होली जलाते धरनारत किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों ने गन्ने की होली जलाकर जताया विरोध

**नारायणगढ़।** गन्ना मिल की कुर्की व किसानों के बकाया के मुद्दे पर किसानों का धरना निरंतर चल रहा है। एसडीएम ऑफिस पर कड़ाके की ठंड के बावजूद मंगलवार को भी भारी संख्या में किसान धरने पर डटे रहे। किसानों का कहना है कि सरकार और प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रही। अगर मिल नीलाम होता है तो गन्ना किसानों के बकाया और जो गन्ना उन्होंने मिल को दिया उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। सरकार और प्रशासन के रवैया से नाराज किसानों ने मंगलवार को गन्ने की होली जलाने का निर्णय लिया। सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए किसानों ने एसडीएम दफ्तर के सामने गन्ने की होली जलाई। शहीद भगत सिंह भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष विक्रम राणा ने कहा की सरकार और प्रशासन अपनी जिम्मेवारी से भाग रहे हैं। अगर किसानों का पैसा दिलवाने की जिम्मेदारी प्रशासन की नहीं है तो फिर सरकार और प्रशासन की जरूरत क्या है? मजबूरी में किसान अपनी फसल की होली जला रहे हैं। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा की यह मजबूरी किसानों की है कि एक साल तक जिस फसल को वह अपने बच्चों की तरह पालता है उसकी वह होली जला रहा है। किसानों ने मजबूरी में अपनी फसल की होली जलाई क्योंकि सरकार और प्रशासन के रवैया से ऐसे हालात पैदा हो गए । अगर किसान अपनी फसल को मिल में लेकर जाता है और उसको पैसा नहीं मिलता तो छुलाई और मिल तक पहुंचाने का खर्च भी उसको घर से करना पड़ता है। ऐसे में बेहतर है कि किसान अपने बच्चों की तरह पाली हुई फसल को आग ही लगा दें। मिल अगर नीलाम होती है तो किसानों के पैसे की जिम्मेदारी जो कानूनन प्रशासन और सरकार की है। उस जिम्मेवारी को भी लेने से सरकार और प्रशासन पल्ला झाड़ रहे हैं।

## प्रदेश सरकार ने जनवरी 2024 से वृद्धा सम्मान भत्ता में की बढ़ोतरी : विस अध्यक्ष

# अब लाभार्थियों को पेंशन के रूप में प्रति माह मिलेंगे 3 हजार रुपये

■ गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वृद्धा सम्मान भत्ता योजना को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा गया है। परिवार पहचान पत्र के अनुसार व्यक्ति की आयु 60 वर्ष होते ही आटोमोड में लाभार्थी की पैंशन स्वतः ही बन जाती है और उसे कार्यालय में जाने की आवश्यकता नही पड़ती। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के तहत मिलने वाली राशि को जनवरी 2024 से 2750 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया है।

गुप्ता आज गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे।

गुप्ता ने कहा कि वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के साथ साथ अन्य सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि को भी बढाकर 3000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। इस मौके पर गुप्ता ने वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के लाभार्थियों दिलीप सिंह, ईश्वर चंद और रानी देवी, लाडली पैंशन योजना की लाभार्थी कौशल्या और विधवा पैंशन योजना की लाभार्थी लीलावती को पैंशन सर्टिफिकेट वितरित किए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं लागू की गई है। गरीब माताओं, बहनों को चुल्हें पर भोजन पकाते समय निकलने वाले धुएं से परेशानी का सामना न करना पडे इसके लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत देश में 13 करोड लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर और चूल्हे की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस मौके पर गुप्ता ने योजना की 2 लाभार्थी रूबी और गीता को सिलेंडर और चूल्हा भेंट किया। उन्होने लोगों से आहवाहन किया कि कोई भी पात्र लाभार्थी विकसित भारत योजना के तहत संबंधित विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर जाकर अपना पंजीकरण करवाकर सुंविधा का लाभ ले सकता है।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और यह तभी पूरा हो सकता है जब पंक्ति में खडे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसी उदेश्य की पूर्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनंसवाद के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाडी प्रत्येक गांव और वार्ड में जाकर लोगो को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है।

इसके अलावा सरकार आपके द्वार अवधारणा के तहत विभिन्न विभागों द्वारा स्टालस लगाकर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने में आ रही समस्याओं के समाधान करने के साथ साथ उन्हें मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा रहा है ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

### सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा योजनाओं का लाभ

गुप्ता ने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में ईलाज से वंचित न रहे, इसके लिए आयुष्मान योजना लागू की गई। इस योजना के तहत गरीब और बीपीएल परिवार के लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में सालाना 5 लाख रूप्ये तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस योजना के तहत देश में 40 करोड लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। उन्होने कहा कि जन- धन योजना के तहत देश में करोडो लोगों के बैंक अकाउंट खोले गए। विपक्ष द्वारा कहा गया था कि अकाउंट तो खोल दिए गए पर पैसा कंहा से आएगा। गुप्ता ने कहा कि पूर्व की सरकारों में योजनाओं के तहत पूरी राशि लाभार्थियों तक नही पहुंच पाती थी, परंतु आज सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना, किसान सम्मान निधि सहित अनेकों योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है,

### विकसित भारत की शपथ दिलवाई

इस मौके पर गुप्ता ने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृठ प्रर्दशन करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होने आयुष्मान योजना के तहत 2 लाभार्थियों सुमन और प्रोमिला को योजना के सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त रिचा राठी, जिला परिषद के सीईओ गगनदीप सिंह, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजिता मेहता, पार्षद हरेंद्र मलिक, जय कौशिक, सुनित सिंगला, सुशील गर्ग, यात्रा के जिला सयोजक राजेंद्र नौनीवाल और एसपी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कुलदीप तिवाणा, युवराज कौशिक के अलावा गौतम प्रसाद, अशोक वालिया, शंभुनाथ, दीपक शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### डीपीएस स्कूल में 20 को लगेगा मेला

**सिरसा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में आगामी 20 जनवरी को विश्वविद्यालयों का मेला आयोजित किया जाएगा। स्कूल की निदेशिका व प्रिंसिपल डॉ. रमा दहिया ने बताया कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सोच, समय व धन की बचत को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में देश व विदेश के अनेक जाने-माने विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने संस्थानों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### लाखों कमाने की लालच देकर 4.27 लाख ठगे

**सिरसा।** जिला के गांव जोधकां निवासी एक युवक को महीने के लाखों रुपए कमाने की लालच देकर साइबर ठगों ने 4.27 लाख रुपए की चपत लगा दी। पुलिस को दी शिकायत में जोधकां निवासी सुनील कुमार ने बताया कि बीती 13 अक्तूबर को उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि आप घर बैठे लाखों रुपए कमाना चाहते हैं तो हमारे साथ आएं। ठगों ने कहा कि आपको हमारे द्वार दिए गए एप को डाउनलोड कर उस पर टास्क पूरे करने होंगे। उसने एप को डाउनलोड कर चेक किया तो काफी लोग उसमें थे, जो काम कर रहे थे।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए अंतिम तिथि 15 तक

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत 40 से 50 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों के लिए 29 तरह के कृषि यंत्र अनुदान पर दिए जा रहे थे जिसमे अब 3 कृषि यंत्र रोटावेटर, आलू बिजाई मशीन, ट्रेक्टर चालित पॉवर वीडर और जोड़ दिए गए हैं। योजना का लाभ लेने के लिए 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### यंत्रों पर अनुदान के लिए पोर्टल पर करें आवेदन

**फतेहाबाद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिले में विभिन्न स्कीमों जैसे स्मैम, एनएफएसएम के अंतर्गत विभिन्न 32 प्रकार के कृषि यंत्रों व मशीनों पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। यंत्रों व मशीनों पर अनुदान हेतु किसानों को 15 जनवरी तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह जानकारी उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने दी।

### महिला सहित पांच लोग हेरोइन के साथ काबू

**सिरसा।** जिला की विभिन्न पुलिस टीमों ने गश्त व चेकिंग के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से एक महिला सहित पांच लोगों को 37 ग्राम 20 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। जिला की स्पेशल स्टाफ पुलिस के उप निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने गांव मल्लेकां क्षेत्र से कार सवार युवक को 14 ग्राम 20 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया। आरोपी की पहचान सुनील कुमार निवासी गांव मल्लेकां के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस की एक टीम सहायक उपनिरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में गश्त व चैकिंग के दौरान एक महिला व एक युवक को 10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है।

## किसान संघर्ष समिति ने खूंटे पर टांगा ज्ञापन

# किसानों ने विधायक कार्यालय के सामने दिया धरना, रोड जाम

**बढ़ रही नशाखोरी, गुंडागर्दी, नगर पालिका में भ्रष्टाचार व बिजली बिलों में सिक्योरिटी का किया विरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। विधायक कार्यालय के सामने किसानों को संबोधित करते हुए मनदीप सिंह।

रतिया में मंगलवार का किसान संघर्ष समिति के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बढ़ रही नशाखोरी व गुंडागर्दी, बिजली विभाग द्वारा बिजली बिलों में सिक्योरिटी चार्ज के रूप में हजारों रुपए लगाने, बाढ़ पीड़ितों को उचित मुआवजा देने, किसानों द्वारा पराली जलाने पर पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे वापस लेने और रतिया नगर पालिका में फैले भ्रष्टाचार के विरोध में विधायक लक्ष्मण नापा के कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना दिया गया। धरने के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुढलाड़ा रोड पर एक तरफ जाम लगा दिया, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। इसे देखते हुए सिटी थाना अध्यक्ष जय सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ट्रेफिक को संभाला।

धरने को संबोधित करते हुए मनदीप सिंह ने कहा कि रतिया क्षेत्र में नशाखोरी व गुंडागर्दी दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा इस पर कोई रोक नहीं लगाई जाती जिस कारण नशेडी किस्म के लोग आए दिन रतिया शहर में गुंडागर्दी की वारदात करते रहते हैं। नशे के कारण कई घर उजड़ गए हैं। दूसरी तरफ बिजली विभाग द्वारा सरचार्ज व सिक्योरिटी चार्ज लगाकर प्रत्येक उपभोक्ता से हजारों रुपए की राशि वसूल की जा रही है जो कि हरियाणा सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। कई लोगों के पास बिजली का बिल भरने के लिए रुपए नहीं होते लेकिन फिर भी उनसे जबरदस्ती सरचार्ज वसूल किया जा रहा है।

### पराली जलाने के दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग

उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा मजबूरी में पराली जलाई जाती है लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा नागपुर क्षेत्र में किसानों के खिलाफ पराली जलाने के दर्जन मुकदमे दर्ज किए गए हैं जिनको अगर वापस नहीं लिया गया तो किसान संघर्ष समिति चौकी के आगे अनिश्चितकालीन धरना शुरू देगी। उन्होंने कहा कि वह आज विधायक को ज्ञापन देने आए थे लेकिन विधायक उनके आंदोलन को देखते हुए पहले ही चले गए। इसके बाद किसानों ने ज्ञापन को विधायक कार्यालय के आगे टांग दिया और नारेबाजी करके चले गए। इस अवसर पर प्रधान गुरुप्यार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुखदीप सिंह, भुना ब्लॉक के प्रधान कमल बरार, टोहाना ब्लॉक के प्रधान मनजीत पूर्ण माजरा, फतेहाबाद से लवी बाथ और जिला प्रधान ओम प्रकाश हासंगा विशेष तौर पर पहुंचे।

# मेडिकल जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब में शिविर में रक्तदान करते लोग।

संत का मार्ग धर्म की पौड़ी को बडभागी पाएं, कोट जन्म के किलविख नासे हर चरनी चितलाएं, इन शब्दों को अपने में अपनाकर गुरुद्वारा चिल्ला साहिब सिरसा के कार सेवा प्रमुख महापुरुष बाबा प्रीतम सिंह ने अपने जीवन काल में संत ब्रह्मज्ञानी की अवस्था प्राप्त की और 1917 से 2011 तक का सफर गुरबाणी के साथ कार सेवा में अपना योगदान दिया।

यह शब्द कथा वाचक बाबा बंता सिंह ने बाबा प्रीतम सिंह की 12वीं बरसी को मनाते हुए पहुंची संगत को अपने संबोधन में कहे। ऐसे महापुरुष की बरसी के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम एवं गुरुद्वारा कार सेवा चिल्ला साहिब ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित मुफ्त मेडिकल जांच शिविर एवं दवाई वितरण, रक्तदान शिविर व संगत दर्शन कार्यक्रम में आने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों से आई हुई संगत का समूह बाबा प्रीतम सिंह की अवस्था को दर्शाता है। रक्तदान शिविर में संगत ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और 200 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जांच कैंप एवं रक्तादान शिविर में सेवाएं देने वाले डा. एवं सेवादारों जतिंद्र सिंह, मिलाप सिंह, गुरसेवक सिंह, निर्मल सिंह, करनैल सिंह, लखवीर सिंह, अरविंद्र सिंह वधवा एडवोकेट को कार सेवा गुरुद्वारा चिल्ला साहिब ट्रस्ट के उपप्रधान बाबा नरेंद्र ने सिरोपा मौजूद रहे।

# राधे निष्काम सेवा मंच ने बांटे जर्सियां व स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्वामी अचलानंद गिरि जी महाराज के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में श्री राधे निष्काम सेवा मंच के तत्वावधान में स्वामीजी के श्रद्धालुओं तथा सेवा मंच के सदस्यों द्वारा नववर्ष पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगाला व राजकीय प्राथमिक पाठशाला के बच्चों को जर्सियां तथा स्टेशनरी वितरित की गई। मुख्य प्रेरक सुमन मित्तल ने बताया कि भयानक सर्दी को देखते हुए ग्राम मंगाला के जरूरतमंद विद्यार्थियों व छोटे बच्चों को जर्सियां तथा स्टेशनरी वितरण सेवा प्रकल्प का आयोजन श्रद्धालुओं द्वारा आपसी सहयोग से किया गया। उन्होंने कहा कि स्वामी अचलानंद अध्यात्म के साथ सेवा कायारें पर भी जोर देते थे। सेवा कार्य में राजेश मल्होत्रा, वेद प्रकाश मल्होत्रा, उमेश मल्होत्रा, बाबूराम मित्तल, प्रेम नरुला, पवन मल्होत्रा, प्रिंसिपल राजकुमार, राजेश जैन, अजीत सिंह, सुमन मित्तल, अजित रंगा, अशोक कुमार व सुधीर तथा अन्य ने भाग लिया।

सर्वप्रथम सभी ने स्वामीजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। प्रिंसिपल राजकुमार तथा राजेश मल्होत्रा तथा ग्रामवासियों ने सभी का स्वागत किया।

### उपायुक्त ने नहीं लिया संज्ञान तो फूकेंगे

**सिरसा।** नगरपरिषद में अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों के साथ मिलकर किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर समाजसेवी गुरलाल सिंह का धरना जारी है। धरनारत गुरलाल सिंह ने कहा कि उन्हें करीब एक माह से अधिक समय यहां बीत चुका है, लेकिन अभी तक किसी प्रशासनिक अधिकारी ने बात करना तक उचित नहीं समझा। उपायुक्त को एक नहीं कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन उपायुक्त भी इस गंभीर मुद्दे पर कोई ठोस संज्ञान नहीं ले रहे हैं। अधिकारियों की इसी उदासीनता के विरोध में आगामी समय में निकाय मंत्री का पुतला फूंका जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के खून पसीने की कमाई को नगर परिषद के अधिकारी दीमक की मानिंद चाट रहे हैं।

# स्वयंसेवकों ने की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां



सिरसा। नुहियांवाली के सरकारी स्कूल में सफाई अभियान में भाग लेती छात्राएं।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नुहियांवाली में जारी शीतकालीन सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरा दिन सरस्वती वंदना व प्रार्थना के साथ शुरु हुआ। शिविर प्रभारी पवन देमीवाल ने बताया कि आज स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए विद्यालय के मुख्यद्वार व बस स्टैंड के आसपास सफाई की। उन्होंने सफाई के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सफाई हमारे जीवन में बहुत जरूरी है ताकि हम बीमारियों से बचे रहे।

हमें स्वयं और अपने घर की, गलियों व विद्यालय की सफाई रखनी चाहिए। साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है और यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ने कहा था स्वच्छता ही सेवा है हमारे देश के लिए हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

# नेशनल हाइवे हांसपुर अंडरपास शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। हांसपुर कट के अंडरपास पर आवागमन शुरू होने उपलक्ष्य में श्री बालाजी ध्वजा स्थापित करते संघर्ष समिति पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय को सीधे पंजाब से जोड़ने वाले हांसपुर चौक पर अंडरपास से वाहनों के आवागमन आखिरकार शुरू हो गया। हांसपुर चौक संघर्ष समिति ने सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठन पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को अंडरपास शुरू होने की खुशी में श्री बालाजी की पूजा अर्चना की, साथ ही ध्वज स्थापना करते हुए प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर समिति प्रधान भूप सिंह सिघड़, नंद लाल मानकटाला, औमप्रकाश एलावादी, हनुमान खिचड़, तरसेम नरूला, पगड़ी संभाल जट्टा संगठन प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह व जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह आदि ने इसे सांझे संघर्ष की जीत करार दिया। गौरतलब है कि सिरसा से दिल्ली को जाने वाले नेशनल हाईवे के फतेहाबाद हांसपुर चौक का कट बीते कई वषारें से हादसों का कारण बना हुआ था। इस कट पर हादसों में बड़ी संख्या में लोगों के मौत का ग्रास बनने के कारण इसे खूनी कट तक की संज्ञा दी जाने लगी थी।

### केंद्रीय परिवहन मंत्री तक पहुंची थी बात

हांसपुर कट पर अंडरपास बनाए जाने के लिए आंदोलन के परिणामस्वरूप ही सांसद सुनीता दुग्गल और जिला प्रशासनिक अधिकारियों को पुल निर्माण की मांग में आगे आने को मजबूर किया था। इसके बाद केंद्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी के दिल्ली स्थित कार्यालय में भी सांसद व प्रशासनिक अधिकारियों को बैठक करनी पड़ी थी। यहां तत्कालीन जिला उपायुक्त प्रदीप कुमार ने इस पुल निर्माण की मजबूती से पैरवी की थी। जिसके बाद पुल निर्माण का रास्ता साफ हो गया था। इस पुल के निर्माण होने से अब हादसों में कमी आएगी वहीं लोगों ने इस समस्या से निजात मिलने पर खुशी जताई।

# नियुक्ति की बाट जोह रहे 297 विशेष शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा के सरकारी विद्यालयों में अनुबंध आधार पर नियुक्त किए जाने वाले 297 विशेष शिक्षक 1 वर्ष से नियुक्ति की बाट जोहते हुए दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं। दिव्यांगजन कल्याणार्थ समर्पित संगठन विकलांग संघ उमंग सिरसा हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष बंसीलाल झोरड़ ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा ने जुलाई, 2022 में अनुबंध आधार पर 297 विशेष शिक्षक भर्ती करने के लिए सेंटा एजेंसी के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की थी। प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आने के बाद विभाग द्वारा दस्तावेज की जांच भी कर ली गई है, लेकिन आए दिन नए आधार बनाकर अनुबंध आधारित विशेष शिक्षकों को नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं, जिसके चलते जहां एक और विशेष शिक्षक नियुक्ति के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे हैं, वहीं सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों को विशेष शिक्षकों के अभाव में गुणात्मक शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है, जोकि जहां एक और दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 की आत्मा के पूर्णतः प्रतिकूल है। उन्होंने हरियाणा सरकार से मांग की कि विशेष शिक्षकों को तुरंत नियुक्ति पत्र जारी किए जाएं।

# श्री श्याम बगीची में भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। श्याम बगीची में भजनों की प्रस्तुति देते भजन गायक।

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा ने पूजा अर्चना करवाई और बाबा श्याम की पावन 'योत प्रज्वलित की। भजन गायक अनिल शर्मा ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने भजन- कब आएगा मेरा सांवरिया, आजा रे मेरे सांवरिया आजा नीले चढ़के, क्यूं घबराउ मैं मेरा तो श्याम से नाता है सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। नव वर्ष के उपलक्ष्य में रात सवा नौ बजे बाबा श्याम को भोग लगाकर श्याम रसोई व खाने पीने की स्टालें आरंभ की गई। इसके बाद फतेहाबाद से आए भजन गायक अवधेश सावन ने बाबा श्याम के भजन-तू बना दूज का चांद बाबा नजर कभी ना लागै, काली कमली वाला मेरा यार है, छोटो सो वानर हद कर ग्यो सवामणी का सारा लाड्डु चट कर ग्यो, ना गोरे का ना काले का मैं लाडला खाटू वाले का, दुनिया वाले जलते है हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं पर श्रोता झूमते रहे।

# अब तक रेडक्रॉस सोसायटी के 114 आजीवन व 2300 वार्षिक सदस्य बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। लॉ स्टूडेंट दीक्षा रानी को स्वेच्छा से रेडक्रॉस सोसायटी का आजीवन सदस्य बनने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव।

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से शुरू की गई गतिविधियों से प्रभावित होकर जिला के चिकित्सक, उद्योगपति, विद्यार्थी, अधिवक्ता, अध्यापक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि सोसायटी के आजीवन व वार्षिक सदस्य बन रहे हैं। अब तक भारतीय रेडक्रॉस सोसायाटी के 114 आजीवन सदस्य व 2300 वार्षिक सदस्य बने हैं। उन्होंने बताया कि लॉ स्टूडेंट दीक्षा रानी स्वेच्छा से रेडक्रॉस की आजीवन सदस्य बनी हैं। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुन्दर ने रेडक्रॉस कार्यालय में दीक्षा रानी को आजीवन सदस्यता का प्रमाण पत्र भेंट किया। उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विशेष रूप से टीबी से प्रभावित मरीजों, दिव्यांगजनों और रक्तदान के क्षेत्र में जो कार्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से किए जा रहे हैं, उनसे जरूरतमंद भी लाभान्वित हुए हैं।

# सड़क पर गड्ढों का लिया जायजा

- गड्ढों की वीडियो बनाकर के चीफ इंजीनियर को भेजी, विजिलेंस से जांच करवाने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। सड़क का निरीक्षण करते हुए भाजपा के प्रदेश सचिव चेयरमैन प्रोफेसर रविंद्र बलियाला।

रतिया उपमंडल के गांव कमाना से लेकर भुंडडवास गांव तक लाखों रुपए की लागत से कुछ समय पहले बनाई गई लोक निर्माण विभाग की सड़क में जगह-जगह गड्ढे पड़ जाने और खस्ता हालत हो जाने की शिकायत मिलने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश सचिव व एससी आयोग हरियाणा के चेयरमैन प्रोफेसर रविंद्र बलियाला मौके का निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने सड़क की खस्ता हालत की वीडियो बनाकर विभाग के चीफ इंजीनियर के पास भेज दी और सड़क निर्माण कार्य की विजिलेंस से जांच करवा कर सड़क की उचित रिपेयर करवाने के निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा कुछ समय पहले गांव कमाना से लेकर गांव भुंडडवास तक करीबन 3 किलोमीटर की सड़क लाखों रुपए की लागत से बनाई गई थी। बताया गया है कि जब सड़क बनाई गई थी तो उस समय ही ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया निर्माण सामग्री लगाने के आरोप लगाकर एक बार निर्माण कार्य रुकवा भी दिया था लेकिन बाद में ठेकेदार द्वारा रातों-रात सड़क बना दी गई थी। कुछ समय पहले यह सड़क जगह-जगह से टूट गई।

## एडीजीपी ने पंचायतों को ड्रग मुक्त अवार्ड से नवाजा

# फतेहाबाद के 10 गांव हुए ड्रग मुक्त घोषित

- सरपंच दलबीर वर्मा मताना ने एडीजीपी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव मताना में सरपंचों को सम्मानित करते एडीजीपी श्रीकांत जाधव।

हिसार मण्डल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकान्त जाधव ने आज गांव मताना सहित जिले के 10 गांवों को ड्रग्स मुक्त घोषित किया। मताना के पंचायत घर में आयोजित नशा मुक्ति कार्यक्रम में एडीजीपी ने जिला के गांव मताना, कुम्हारिया, भोडा होशनाक, ढाणी ठोबा, ढाणी चानन, खान मोहम्मद, बनावाली सोत्तर, सिरढान, गिलाखेड़ा और बनावली को नशा मुक्त होने की घोषणा की। इस अवसर पर ग्राम की पंचायतों को एडीजीपी ने पंचायतों को ड्रग मुक्त अवार्ड से नवाजा।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्रीकांत जाधव ने कहा कि लोगों की दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मबल के कारण आज फतेहाबाद के 10 गांव नशा मुक्त गांव बन चुके हैं। इन गांवों के युवाओं ने ख़ुद को पढ़ाई और खेलों से और यहां के बड़ों ने ख़ुद को कामधंधे व खेतीबाड़ी से जोड़कर नशे को अलविदा करने का संकल्प किया है और दूसरे गावों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बने है। उन्होंने कहा कि नशा नाश की जड़ है। यह न सिर्फ व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और समाज को विनास के रास्ते पर ले जाता है। नशे के विरुद्ध लड़ाई लंबी है सबको एकजुट होकर इसके खिलाफ लड़ना होगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि यदि उनके आस-पास कोई व्यक्ति नशा करते हुए या नशा बेचते हुए नजर आता है तो अपने पुलिस को इसकी सूचना तुरंत दे। सरपंच दलबीर वर्मा मताना ने उनका स्वागत किया। इस आयोजन में नशा मुक्त गांव बनाने के प्रति अहम योगदान देने पर लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### मुहुर्त पर आए व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर के रानियां बाजार में एक दुकान के मुहुर्त पर आए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में बी ब्लॉक निवासी सतीश कुमार ने बताया कि वह शाम को रानियां बाजार में एक दुकान के मुहुर्त पर गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद गायब मिली। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### दो युवक 19 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**डबवाली।** चौटाला पुलिस चौकी द्वारा गश्त के दौरान गांव चौटाला से एक व्यक्ति को 9 बोतल अवैध शराब सहित पकड़ा है। चौटाला चौकी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान सतपाल वासी चौटाला के रुप में हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम गांव चौटाला में गश्त पर थी तभी उसे सूचना मिली जिसके आधार पर उसने उक्त आरोपी की शक के आधार पर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जे से 09 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

### कार सवार 120 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**सिरसा।** नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव नाथूसरी चौपटा क्षेत्र से कार सवार व्यक्ति को 120 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी ईश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव नाथूसरी चौपटा में मौजूद थी। पुलिस पार्टी को सामने से होंडा सिटी कार आती दिखाई दी। पुलिस पार्टी ने उक्त कार को शक के आधार पर रोककर तलाशी ली तो उसमें से 120 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान रामस्वरुप पुत्र संत लाल निवासी नाथूसरी चौपटा के रूप में हुई है।

### 28 बोतल अवैध शराब सहित तीन गिरफ्तार

**सिरसा।** कालांवाली थाना पुलिस टीम ने गांव गदराना से 16 बोतल अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा है। थाना कालांवाली प्रभारी रामफल ने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान भूरा सिंह व निर्मल सिंह वासी गदराना के रुप में हुई है। रोड़ी पुलिस ने गांव सूरतिया से एक व्यक्ति को 12 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। थाना रोड़ी प्रभारी रामचंद्र ने बताया कि कि पकड़े गए युवक की पहचान जनक सिंह निवासी सूरतिया के रूप में हुई है। युवक पर थाना रोड़ी में अभियोग दर्ज किया।

### मोबाइल छीना झपटी का आरोपी काबू

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने मोबाइल फोन छीना झपटी की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को डिंग मंडी क्षेत्र से काबू किया है। डिंग थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 30 दिसंबर 2023 को शिव कुमार की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ डिंग थाना में छीना झपटी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। उन्होंने बताया कि शिकायकर्ता शिव कुमार ईंटभट्टे पर काम कर वापस आ रहा था, इस दौरान बाइक सवार अज्ञात युवक उसका मोबाइल फोन छीन कर मौका से भाग गया।

### पवन हिसारिया 38 वोट लेकर रहे प्रथम

**सिरसा।** दि अग्रसेन सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड बरनाला रोड, सिरसा के प्रबंधक कमेटी के चुनाव में पवन कुमार हिसारिया एडवोकेट सबसे अधिक 38 वोट लेकर प्रथम स्थान पर रहे। चुनाव अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि कुल 290 वोटों में से जसपाल देवी को 28, देवीलाल को 36, पवन कुमार हिसारिया को 38, मूर्ति देवी को 31, रमेश चंद्र साहुवाला को 29, राजरानी को 17, राधेराम 15, रामकुमार को 37, सुनील कुमारी को 25, सोनिया हुड्डा को 12, संतोष रानी को 22 वोट मिले। चुनाव अधिकारी संजय कुमार ने पवन कुमार हिसारिया को नियुक्ति पत्र सौंपा। चुनाव अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रबंधक के चुनाव के लिए सात सदस्यीय कमेटी निर्णय लेगी।

---

## गांव चौबारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

# सरकार का मुख्य ध्येय जरूरतमंदों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ना

फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश दिन-दोगुनी रात-चौगुनी उन्नति कर रहा है। गरीब परिवारों, युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है, जिसका लाभ जरूरतमंदों व वंचित रहे परिवारों को विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में सीधे तौर पर मिल रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार गरीब व्यक्तियों को समर्पित है। सरकार का मुख्य ध्येय है कि जरूरतमंद व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है।

यह बात फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम ने मंगलवार को गांव चौबारा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए कही। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों जिसमें योजनाओं का लाभ व जानकारी दी जा रही थी, उनका निरीक्षण करके फीडबैक लिया। मौके पर ही लाभार्थियों को लाभान्वित किया तथा उपस्थित ग्रामीणों को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई।



**फतेहाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव चौबारा में लाभार्थियों को सम्मानित करते विधायक दुड़ाराम।

### ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

विधायक ने कहा कि नागरिकों की मांग के अनुरूप हलके के सभी गांवों में विभिन्न योजनाओं के तहत अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिन पर करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च की जा रही है। गांव चौबारा में फिरनी के लिए 36 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। गांव में आयुष्मान-निरोगी योजना के तहत 1305 कार्ड बनाए गए है, जिनमें से 29 व्यक्तियों ने योजना का लाभ उठाया है। जिस पर सरकार द्वारा 8 लाख रुपये के लगभग धनराशि खर्च की गई है। इस मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया।

## सिरसा के एक दर्जन गांवों में पहुंची जनसंवाद यात्रा

**सिरसा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में जहां पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं आम नागरिक भी बढ़ चढ़ कर केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने में खासी रुचि दिखा रहे हैं। मंगलवार को गांव खारियां, दारिया बुखाराखेड़ा, मीरपुर, मीरपुर कॉलोनी, थिराज, अलीकां, गुडियाखेड़ा, दुकड़ा, काशी का बास, ढाणी शेरां, लखुआना व राजपुरा माचरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची, जहां नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया। यह यात्रा अब तक जिला के 191 गांवों को कवर कर चुकी है। गांव गांव लखुआना व राजपुरा माचरा में सीओएसएएमबी का राष्ट्रीय चेयरमैन एवं जिलाध्यक्ष भाजपा आदित्य देवीलाल, खारियां में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, दारिया बुखाराखेड़ा में खारिया मंडल अध्यक्ष पवन गोयल, गांव मीरपुर, थिराज, अलीकां व मीरपुर कॉलोनी में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, गांव गुडियाखेड़ा, काशी का बास व दुकड़ा में अमीर चंद मेहता व ढाणी शेरां में जसबीर चहल ने यात्रा का स्वागत किया। मौके पर सरपंच खारियां माया देवी, नंबरदार तेग बहादुर, निर्मल सिंह बसरा, ब्लॉक समिति सदस्य आत्मा राम दुकिया, सुभाष बांदर, बंसीलाल खारियां, गुरसेवक सिंह, मनप्रीत सिंह, महामंत्री डीसी सिंह, सरपंच कर्मप्रीत कौर, बलजीत सिंह, साहिल शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, सरपंच मीरपुर वेद प्रकाश, सरपंच थिराज प्रगट सिंह, सरपंच अलीकां अमित कुमार, श्याम लाल नंबरदार, पंच टोनी, हरविंद्र रुलदु सिंह, मेनपाल मौजूद रहे।



## ऐतिहासिक फैसले ले रही सरकार : मनोज



**जाखल।** ग्रामीणों को संबोधित करते हरियाणा बीज विकास निगम के निदेशक मनोज बबली। *फोटो : हरिभूमि*

- नागरिकों को विकसित भारत के बनाने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

हरियाणा बीज विकास निगम के निदेशक मनोज बबली ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शिरकत करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में अपने वाले पात्र लोगों को मौके पर ही लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। केंद्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं को पात्र नागरिकों के घर द्वार पर लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र में जाखल ब्लॉक के गांव सिधानी, मुंदलिया, चांदपुरा व लहराथेह में पहुंची। कार्यक्रम में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हुक्म चन्द व खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष भाम्भू ने नागरिकों को विकसित भारत के बनाने की शपथ दिलाई। हरियाणा बीज विकास निगम के निदेशक मनोज बबली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार समाज का अंतिम व वंचित व्यक्ति खुशहाल बने, जिसको पूरा करने के लिए लगातार लोगों के हक में ऐतिहासिक फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से गरीब व पिछड़े लाभार्थी केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम व वंचित व्यक्ति के विकास के बिना आत्मनिर्भर व विकसित भारत की कल्पना संभव नहीं। देश तभी आत्मनिर्भर व विकसित बनेगा जब इसके नागरिक आत्मनिर्भर व विकसित होंगे। सरकार समाज के अंतिम व वंचित वर्ग को विकास में बराबर का भागीदार बना रही है। निदेशक मनोज बबली ने विकसित भारत संकल्प यात्रा.जनसंवाद कार्यक्त्रम के दौरान मेधावी छात्रों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व प्रगतिशील किसानो को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

### एग्रीकल्चर फीडर में पड़ने वाली ढाणियों व डेरों को मिलेगी 24 घंटे बिजली

**फतेहाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम प्रदेश में अब एग्रीकल्चर फीडर पर पड़ने वाली ढाणियों व डेरों में 24 घंटे बिजली सप्लाई देगा। इस सम्बंध में दक्षिण हरियाण बिजली वितरण निगम हिसार के अधीक्षण अभियंता ने सभी कार्यकारी अभियंताओं व एसडीओ को पत्र जारी किया है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता संदीप मैहता ने बताया कि इन दिनों प्रदेश में चल रही मुख्यमंत्री की जन संवाद बैठकों में कई बिजली उपभोक्ताओं ने सीएम के सामने शिकायत रखी थी कि उन्हें 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जाए। निगम ने निर्णय लिया है कि जिन एग्रीकल्चर फीडर पर पैट ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं, उनके अधीन आने वाली ढाणियों व डेरों में मेरा गांव-जगमग गांव योजना के तहत 16 घंटे सिंगल फेस व 8 घंटे थ्री फेस बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी।

## विपक्ष ने वोट की खातिर लोगों को बरगलाया

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का मजदूर एवं कमेरा वर्ग द्वारा अभिनंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

कुरुक्षेत्र के सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा है कि भाजपा की केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार में हर वर्ग के हित में काम हुआ है। अंत्योदय की भावना पर समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकारी योजनाओं लाभ दिया गया है। समाज के सभी वर्गोर् के हित इस सरकार में सुरक्षित है। वे मंगलवार को अनाज मंडी टोहाना में मजदूर एवं कमेरा वर्ग द्वारा आयोजित अपने अभिनंदन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे।



**टोहाना।** सम्मान समारोह में मौजूद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी व चेयरमैन सुभाष बराला।

सांसद सैनी ने पूर्व सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षियों ने हमेशा वोट की खातिर लोगों को बरगलाने का काम किया। झूठे नारे और बातें करके सिर्फ सत्ता हथियाने का काम ही किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गरीब के दुःख को समझा और उनके हित में योजना बनाई। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए चिंता करते हुए आयुष्मान जैसी योजना लागू करके गरीबो को पांच लाख तक के फ्री इलाज की सुविधा दी है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस चूल्हे और सिलेंडर उपलब्ध करवाये गए है।

### पात्र लोगों को योजना से जोड़कर जीवन ऊंचा किया

उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को योजना से जोड़कर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम हुआ है। सांसद सैनी ने कहा कि कोरोना काल में केंद्र सरकार ने लोगों को वैक्सीन देने के साथ ही गरीबों को मुफ्त अनाज देकर उनको भूखा नहीं रहने दिया। केंद्र द्वारा जनधन खातों में गरीबों को 500-500 रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा पांच हजार की वित्तीय सहायता स्वरूप दिये गये। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा दूसरे दलों से अलग पार्टी हैं। उन्होंने स्वयं और नायब सैनी का उदाहरण देते हुए कहा कि हम जैसे साधारण कार्यकर्ताओं को पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष जैसे पदों पर काम करने का मौका दिया है।

## प्रदेश स्तरीय सम्मेलन को लेकर हुई इनेलो की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

इनेलो एससी सैल की जिला स्तरीय बैठक जाट धर्मशाला फतेहाबाद में हुई। बैठक की अध्यक्षता एससी सैल के जिला प्रधान रमेश लाली ने की वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर एससी सैल के प्रदेशाध्यक्ष वेद सिंह मुंडे ने भाग लिया। बैठक में विशेष तौर पर इनेलो जिला प्रधान बलविन्द्र कैरो, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हरि सिंह डांगरा व शहरी जिलाध्यक्ष हरबंस खन्ना भी मौजूद रहे। इनेलो एससी सैल का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन अम्बाला की बराड़ा अनाज मण्डी में 7 जनवरी को आयोजित होगा, जिसकी रूपरेखा तैयार करने और जिला एससी सैल के कार्यकर्ताओं को न्यौता देने के लिए यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन को लेकर प्रदेशाध्यक्ष द्वारा जहां कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए वहीं उनकी ड्यूटियां भी लगाई गई। इस सम्मेलन को इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला सहित अनेक वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष वेद सिंह मुंडे ने आज एससी समाज मौजूदा सरकार की नीतियों से परेशान है। भाजपा ने इस समाज के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा ने इस समाज के लोगों का केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है।

---

## राशि दोगुणा करने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

16 महीनों में पैसे दोगुने करने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्रों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में डिंग रोड निवासी लखवीर सिंह पुत्र जगतार सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में विजन मार्किट की ओर से सिरसा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें बताया गया कि पैसा निवेश करने पर 16 माह में दोगुणा किया जाता है। राशि का भुगतान हर माह की 5 व 20 तारीख को किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थितजनों से अजय विहार सिरसा स्थित विजन मार्किट के कार्यालय में मिलने के लिए कहा गया।

### विजन मार्किट के संचालक पिता-पुत्रों पर केस

कंपनी की ऑफर से प्रभावित होकर उसने कार्यालय में संपर्क साधा, जहां उसे हंसराज भाटिया पुत्र चेतराम भाटिया निवासी गुड़ियाखेड़ा व उसके पुत्र सुभाषचंद्र भाटिया, श्याम सुंदर भाटिया व पृथ्वी सिंह भाटिया मिलें। जिन्होंने विश्वास दिलाया कि वे सिरसा जिला के गांव गुड़ियाखेड़ा के निवासी है और आपकी पूंजी सुरक्षित हाथों में है। उसने अपने नाम से, पत्नी के नाम से और पिता के नाम से पैसा निवेश किया। उसके नाम से जमा पैसा उसे वापस मिल चुका है लेकिन उसकी पत्नी दर्शनकौर के नाम से 11 लाख 80 हजार रुपये जमा करवाए,जिसमें से 4 लाख 40 हजार रुपये वापस मिलें, जबकि 7 लाख 39 हजार 460 रुपये अभी बकाया है। इसी प्रकार उसके पिता जगतार सिंह के नाम पर उसने 12 लाख 50 हजार रुपये निवेश किए, जिसमें से 3 लाख 41 हजार रुपये ही वापस मिलें और 9 लाख 9 हजार रुपये अभी बकाया है। उसने बताया कि उसने पिता व पत्नी के नाम पर 24 लाख 30 हजार रुपये निवेश किए थे, जिसमें से उसे 7 लाख 82 हजार रुपये वापस मिलें और 16 लाख 48 हजार रुपये बकाया है। उसने बताया कि कंपनी की ओर से पैसे आने बंद हो गए, जिस पर उसने भाटिया पिता-पुत्रों से संपर्क साधा।

## युवाओं को अपने साथ जोड़ने में जुटी जेजेपी

- ग्रामीण क्रिकेट स्पर्धा का आगाज आज से, लाखों के मिलेंगे इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

जेजेपी खेलों के माध्यम से युवाओं को अपने साथ जोड़ने के लिए अब सक्रियता से मैदान में आ रही है। इसी कड़ी में देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की स्मृति में आज तीन जनवरी से कॉस्को ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज डबवाली हलके के गांव रिसालियाखेड़ा में होने जा रहा है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला इस क्त्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। दावा किया जा रहा है कि यह प्रतियोगिता देश की सबसे बड़ी ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को प्रतियोगिता होगी। जेजेपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सर्वजीत सिंह मसीतां ने मंगलवार को नई अनाज मण्डी में स्थित कार्यालय में आमजन व कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए जेजेपी क्रिकेट की इतनी बड़ी प्रतियोगिता सिरसा के चौटाला, रिसालियाखेड़ा, मसीतां, खारियां और माधोसिंघाना में आयोजित करवाने जा रही है। इस प्रतियोगिता में न केवल ग्रामीण आंचल से बल्कि शहरों के प्रत्येक वाडार्र् से भी बड़े पैमाने पर टीमों के हिस्सा लिए जाने के 200 से अधिक आवेदन आए हैं।



**सिरसा।** प्रतियोगिता की बाबत चर्चा करते हुए सर्वजीत मसीतां।

### युवाओं को नशे से दूर रखने में सहायक

मसीतां ने कहा की खेलों में रुचि युवाओं को नशे से दूर रखने में सहायक सिद्ध होती है और इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाने से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। मसीतां ने कहा कि जेजेपी द्वारा करवाई जा रही ये खेल प्रतियोगिता बहुत ही अच्छी पहल है। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार तीन लाख रुपए, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को क्रमशः दो लाख और 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को भी 51 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

---

## वाल्मीकि बस्ती में पूजित अक्षत वितरित कर दिया आमंत्रण

# फतेहाबाद में रामभक्तों में जबरदस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में बन रहे भव्य राममंदिर के नूतन गर्भ गृह में रामलला 22 जनवरी को विराजमान होंगे। इस कार्यक्रम में देशभर से लाखों लोग श्री अयोध्या धाम पहुंचेंगे। कार्यक्रम को लेकर श्रीरामजन्म भूमि से आए पूजित अक्षत वितरित कर रामभक्तों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण दिया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर फतेहाबाद के रामभक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में रामभक्तों द्वारा वाल्मीकि चौक में पूजित अक्षत वितरण अभियान चलाया गया। भगवान वाल्मीकि मंदिर में वाल्मीकि भगवान जी को पहले न्योता देकर इस अभियान की शुरूआत की गई। इसके बाद वाल्मीकि बस्ती में घर-घर जाकर अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र व आमंत्रण पत्र देकर 22 जनवरी को आनंदोत्सव मनाने की अपील की गई।

जय श्री राम-जय श्रीराम के जयघोष और ढोल नगाड़ों के साथ भगवान वाल्मीकि की जय-जयकार करते हुए रामभक्तों ने पूरे क्षेत्र में लोगों को 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण दिया। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से आज पूरा देश राम-नाम के जयकारों से गूंज रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो लोग 22 जनवरी को अयोध्या नहीं जा सकते, वे अपने घर, गांव, गली-मौहल्ले में धार्मिक कार्यक्रम के जरिए प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े। इस दिन को दीवाली की तरह मनाएं और अपने घरों पर दीपक जलाएं। इस अवसर पर वाल्मीकी सेवा समिति प्रधान सौरव रत्ती, उप प्रधान गौरव रत्ती, जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह, अशोक, सन्नी, भीम रत्ती, आशा रत्ती, बाला देवी, संतोष, आशु, सरला देवी, मुकेश टाक प्रधान वाल्मीकी आश्रम, परवीन चावरिया, राहुल लोरिया, संदीप टाटिया, भारत भूषण, मुकेश देवगन, कश्मीर मेहता भुना सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** वाल्मीकि कालोनी में पूजित अक्षत वितरण करते रामभक्त।

## कर्म निर्जरा को जोड़ने का अवसर है नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

युवा मनीषी आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या शासन साध्वी तिलक श्री के सानिध्य में नववर्ष पर वृहद मंगल पाठ का आयोजन क्षेत्र के गांव धारसूल में स्थित तेरापंथ जैन सभा भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में साध्वी तिलक श्री ने जीवन के महत्व व कर्म निर्जरा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नववर्ष कर्म निर्जरा को जोड़ने का एक अवसर है, जो हर दिन नया सवेरा व नए अवसर लाता हैं। तेरापंथ युवक परिषद के मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि कार्यक्रम में साध्वी महिमा श्री ने कविता प्रस्तुत की व अपने सुंदर विचारों से पूरा वातावरण भक्तिमय किया। साध्वी निर्णय प्रभा व चरूलता ने नववर्ष के मंगल पाठ के साथ अनेक नए मंत्र उच्चारण किए। इस दौरान सभी साध्वीयों ने मिलकर सभी श्रावकों के प्रति नैतिकता व सद्भावना की और बढ़ने की भावना प्रेषित की व हाथ से हाथ बढ़ाकर एक दूसरे की मदद करने का संकल्प दिलवाया। मौके पर श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष संजय जैन, धारसूल सभा अध्यक्ष अनिल जैन, तेरापंथ युवक परिषद मंत्री राज जैन, अणुव्रत मंच टोहाना के सह संयोजक शुभम जैन, महिला मंडल मंत्री निर्मला जैन, ज्ञानशाला अध्यापिका दीपिका जैन, ज्योती जैन आदि मौजूद थे।